## एक नजर में

### महाशिवरात्रि के दूसरे दिन गांगलेश्वर महादेव मंदिर में हुआ विशाल भंडारा



**कसरावद, निप्र।** कसरावद में सोमवार को प्राचीन श्री गांगलेश्वर महादेव मंदिर में जनसहयोग से एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया इसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया यह भंडारा हर साल की तरह इस वर्ष भी आयोजित किया गया मंदिर समिति के सदस्यों द्वारा बताया गया कि महाशिवरात्रि के एक दिन बाद शिव मंदिर में यह परंपरा निभाई जाती है जिसमें नगर सहित आसपास के क्षेत्र के लोग शामिल होते हैं। शिवरात्रि की रात जागरण और मुख्य पूजा के बाद दूसरे दिन भंडारा किया जाता है। शाम को सभी श्रद्धालुओं ने भगवान शिव के दर्शन कर पुजा, अर्चना की। और महाआरती के बाद भंडारे की शुरुआत की। शाम पांच बजे से भंडारे का आयोजन हुआ जो देर रात तक चलता रहा।

### आकांक्षी विकासखंड भगवानपुरा में मंगल दिवस का आयोजन



**खरगोन, निप्र।** जिले के आकांक्षी विकासखंड भगवानपुरा में संपूर्णता अभियान 2.0 के अंतर्गत मंगल दिवस का आयोजन उत्साहपूर्वक किया जा रहा है। अभियान के तहत सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर 6 माह से 6 वर्ष तक के बच्चों का वजन एवं ऊँचाई मापन किया जा रहा है। अभियान के दौरान बच्चों के पोषण स्तर का आकलन कर उन्हें सामान्य, मध्यम कुपोषित एवं गंभीर कुपोषित श्रेणियों में वर्गीकृत किया जाता है, जिससे समय पर उपचार एवं परामर्श सुनिश्चित किया जा सके। सभी आंकड़ों की प्रविष्टि पोषण ट्रैकर में की जा रही है, जिससे वास्तविक समय में मॉनिटरिंग संभव हो रही है। इसके साथ ही आंगनबाड़ी केंद्रों पर टीएचआर (टेक होम राशन) का वितरण भी किया जा रहा है, ताकि बच्चों एवं गर्भवती/धात्री माताओं को आवश्यक पोषण आहार उपलब्ध कराया जा सके। यह संपूर्ण गतिविधियाँ मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती रेखा राठौर के मार्गदर्शन एवं परियोजना अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग भगवानपुरा के निर्देशन में संपन्न हो रही हैं।

### सांदीपनि स्कूल में फूल, कलम देकर विद्यार्थियों का किया स्वागत



**खरगोन, निप्र।** माध्यमिक शिक्षा मंडल कक्षा 10वीं बोर्ड की परीक्षाएं मंगलवार से अंग्रेजी के पेपर से शुरु हुई। हालांकि 13 फरवरी को ऊर्दू के पर्चे से हाईस्कूल परीक्षाओं का आगाज हो चुका है। हिंदी और अंग्रेजी माध्यम के विद्यार्थियों का मंगलवार को पहला पेपर रहा। तनाव मुक्त परीक्षा के लिए प्रेरित करने के लिए सान्दीपनि विद्यालय टेमला में प्राचार्य अशोक सिंह पंवार, परीक्षा केंद्राध्यक्ष डॉ. त्रिलोकचंद वर्मा, सहायक केंद्राध्यक्ष मोहसिन शेख, संकुल प्राचार्य भागीरथ पाटीदार ने परीक्षार्थीयों को गुलाब का फूल एवं कलम भेंटकर स्वागत किया। शिक्षक रमेशचन्द्र पाटीदार ने बताया कि बच्चों को तनाव मुक्त, भयमुक्त होकर परीक्षा देने तथा उत्साह और उमंग से प्रश्न पत्र हल करने के लिए प्रोत्साहित भी किया गया। परीक्षा केंद्रों से पेपर हल कर निकले विद्यार्थियों के चेहरे पर तैयारी अनुरुप पेपर आने की खुशी नजर आई, तो जो बच्चे तैयारी नही कर पाए थे, उन्हें पेपर कठिन लगा। अपनी प्रतिक्रिया में छात्रा माहीन शेख ने बताया कि पेपर तैयारी अनुरुप आया था, जिससे प्रश्न हल करने में आसानी रही।


### शिव-पार्वती विवाह के साक्षी बने श्रीनगर कॉलोनीवासी, निकाली बारात



**खरगोन, निप्र।** श्रीनगर कालोनी मंडलेश्वर के नर्मदेश्वर महादेव चामुण्डा माता मंदिर परिसर में महाशिवरात्रि पर्व भक्ति भाव से मनाया गया। यहां शिव-पार्वती विवाह कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मातृशक्ति शामिल हुई। महिलाएं लाल साड़ी में शामिल हुई। ढोल- तांशों के साथ निकाली शिव बारात में महिलाओं ने गरबा नृत्य कर खुशी जताई। बारात के दौरान आकाशीय आतिशबाजी भी की गई जो आकर्षण का केंद्र रही। चामुंडा माता मंदिर संचालन समिति की प्रमुख श्रीमती निर्मला रोकड़े ने बताया अदित्य रोकडे, लक्ष हिरवे, रिहांस गंगारेकर, भविष्य शर्मा के साथ भोलेनाथ के रूप में वरुष्का बर्वे, पार्वती वैष्णवी वैष्णवी खांडेकर, गौराजी गौरुजी के रुप में रागवी सेन, डाकिन रूप में प्रणीति जैन मांधनी, जियांशी ने श्रृंगार किया। मातृ शक्ति मंगला जैन, कोमल शर्मा, दुर्गा हिरखे, सीमा सेन, बंदना पाटीदार, किरण चौहान, किरण सिंग, संगीता पंवार, कृष्णा .श्रीवास, अनिता श्रीवास, रेखा पिपल्दे, भावना पाटीदाद, सृष्टी रोकडे, विशाखा जैन, अंजु श्रीमाली, रजनी वर्मा, प्रभाती काकिर्ड, सुनिता खांडेकर, हीना खांडेकर, रचना जाधव, संगीता भारद्वाज, सुधा खांडेकर, सुनिता गाठेकर, आशा तंवर, प्रेमलता पटेल, मंगतीबाई पठौते, भगवतीबाई हिरवे, सेवंती सिटोले, शकुन्तला पटेल, शोभा चौहान, बसंती गंगारेकर, सुशिला पारीदार, कमला विसाले के साथ किशोरी बालिकाएं . माही, वैष्णवी, दक्षता, भूमि, परी, मोनिका, प्रियंका, नीवी, गरिमा, खुशी, रूचिका ने भोलेनाथ की शादी पर नृत्य प्रस्तुत दी।

### नर्सिंग छात्र-छात्राओं ने निकाली आक्रोश रैली

**खरगोन, निप्र।** वर्ष 2020-21 में बीएससी नर्सिंग कॉलेज में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों ने मंगलवार को बिगड़े शैक्षणिक कैलेंडर के खिलाफ विरोध के स्वर मुखर किए। मप्र आदिवासी विकास परिषद के बैनर तले आक्रोश रैली निकाली। कलेक्ट्रेट पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन कर रहे विद्यार्थियों ने बताया कि 2020 बैच की 6 वर्ष बाद भी पढ़ाई पूरी नही हो सकी है। लंबे समय तक संघर्ष करने के बाद परीक्षाएं तो शुरु हुई लेकिन परिणाम नही जारी हो रहे। थर्ड इयर का रिजल्ट नही आया, तो 2021 बैच के विद्यार्थियों सेकंड इयर का परिणाम लंबित है। हमारी मांग है कि जल्द परिणाम जारी कर चौथे और तीसरे वर्ष की परीक्षाएं कराई जाए। बिगड़े शैक्षणिक कैलेंडर के कारण विद्यार्थियों का भविष्य अंधकारमय होते नजर आ रहा है।



# पीजी कॉलेज खरगोन में वार्षिक खेलकूद उत्सव का शुभारंभ

## पहले दिन एथलेटिक्स, बैडमिंटन, कबड्डी एवं सितोलिया प्रतियोगिताएं रहीं आकर्षण का केंद्र

नवभारत न्यूज

**खरगोन, निप्र।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय खरगोन में स्नेह सम्मेलन के अंतर्गत वार्षिक खेलकूद उत्सव का 17 फरवरी को उत्साहपूर्ण वातावरण में शुभारंभ हुआ। प्रातः 7 बजे एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं के साथ प्रारंभ हुए इस उत्सव में विद्यार्थियों ने जोश और उमंग के साथ भाग लेकर खेल भावना का परिचय दिया। क्रीड़ा अधिकारी डॉ. गगन चौधरी ने बताया कि इस वर्ष कुल 9 खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं, जिनमें कबड्डी, क्रिकेट, बैडमिंटन, शतरंज, टेबल टेनिस, खो-खो, पिट्ठू, वॉलीबॉल और एथलेटिक्स शामिल हैं। सभी प्रतियोगिताएं महिला एवं पुरुष दोनों





वर्गों में आयोजित की जा रही हैं। महाविद्यालय के विभिन्न संकायों को हाउस प्रणाली के अंतर्गत विभाजित किया गया है। कला संकाय को ताप्ती हाउस, विज्ञान संकाय को क्षिप्रा हाउस, वाणिज्य संकाय को नर्मदा हाउस तथा सभी स्नातकोत्तर कक्षाओं को बेतवा हाउस नाम दिया गया है। जो हाउस समस्त खेलों में सर्वाधिक अंक अर्जित करेगा, उसे ओवरऑल चैंपियन घोषित किया जाएगा। विजेता खिलाड़ियों को स्नेह सम्मेलन के अंतिम दिवस मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। पहले दिन बैडमिंटन प्रतियोगिता में नर्मदा हाउस का दबदबा रहा। पुरुष वर्ग के फाइनल में नर्मदा हाउस ने बेतवा हाउस को पराजित किया, वहीं महिला वर्ग में नर्मदा हाउस ने क्षिप्रा हाउस के विरुद्ध जीत दर्ज की। कबड्डी प्रतियोगिता में महिला वर्ग में बेतवा हाउस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया, जबकि पुरुष वर्ग में नर्मदा हाउस विजेता रहा। दिन का समापन पारंपरिक खेल सितोलिया के साथ हुआ, जिसमें खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उद्घाटन अवसर पर प्राचार्य डॉ. जीएस चौहान ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता महाविद्यालय की एक सराहनीय पहल है, जो विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध हो रही है। उन्होंने कहा कि खेल केवल शारीरिक स्वास्थ्य का साधन नहीं, बल्कि नेतृत्व क्षमता, टीम भावना और आत्मविश्वास के विकास का सशक्त माध्यम है। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को मानसिक एवं शारीरिक रूप से सुदृढ़ बनाते हैं। इस आयोजन में खेल विशेषज्ञ श्री सुरेंद्र पाटीदार एवं अभ्युदय विश्वविद्यालय के खेल विशेषज्ञ श्री अतुल अत्रे निर्णायक की भूमिका निभा रहे हैं। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति रही। वार्षिक खेलकूद उत्सव के आगामी दिनों में भी विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी, जिनमें विद्यार्थियों की प्रतिभा और खेल भावना का प्रदर्शन देखने को मिलेगा।

# पेरामाउंट के विद्यार्थियों ने की अंतरिक्ष की रोमांचक यात्रा

**कसरावद, निप्र।** श्री निमाड़ पाटीदार एजुकेशन सोसाइटी द्वारा संचालित सीबीएसई विद्यालय पेरामाउंट एकेडमी में विद्यार्थियों के वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं जिज्ञासा के विकास हेतु आज विद्यालय परिसर में विशेष शैक्षणिक गतिविधि का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने आधुनिक डोम तकनीक के माध्यम से वर्चुअल प्लेनेटेरियम का अवलोकन कर अंतरिक्ष जगत की अद्भुत जानकारी प्राप्त की। विद्यालय के डायरेक्टर श्री मितेश पाटीदार एवं प्राचार्य डॉ. अखिलेश पाटीदार के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को ब्रह्मांड, ग्रहों, तारों एवं आकाशगंगाओं के रहस्यमय संसार से परिचित कराना था। डोम के विशाल गुंबदाकार डिजिटल स्क्रीन पर अंतरिक्ष के मनमोहक दृश्य प्रदर्शित किए गए, जिसमें सौरमंडल की संरचना, ग्रहों की गति, चंद्रमा के विभिन्न चरण, उल्कापिंड, ध्रुव तारा तथा आकाशगंगा की अद्भुत छवियों ने विद्यार्थियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यार्थियों ने विशेष रूप से सूर्य,



चंद्रमा, तथा मंगल ग्रह से संबंधित रोचक तथ्यों को उत्साहपूर्वक जाना। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों द्वारा सरल एवं रोचक शैली में यह समझाया गया कि अंतरिक्ष अन्वेषण किस प्रकार मानव जीवन को प्रभावित करता है और भविष्य में इस क्षेत्र में करियर की अपार संभावनाएँ हैं। विद्यार्थियों ने उत्सुकतापूर्वक प्रश्न पूछे तथा खगोल विज्ञान के प्रति गहरी रुचि प्रदर्शित की। इस अवसर पर शिक्षकों ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें वैज्ञानिक सोच विकसित करने हेतु प्रेरित किया। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में जिज्ञासा, तर्कशक्ति एवं नवाचार की भावना को प्रोत्साहित करते हैं। प्राचार्य डॉ. अखिलेश पाटीदार ने बताया कि विद्यालय भविष्य में भी इस प्रकार की ज्ञानवर्धक गतिविधियों का आयोजन करता रहेगा, ताकि विद्यार्थी बड़े वैज्ञानिक संस्थानों एवं प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं के लिए प्रारंभ से ही प्रेरित हो सकें। विद्यालय प्रशासन के अनुसार यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायक एवं रोमांचक अनुभव सिद्ध हुआ।

# 8वीं के विद्यार्थियों को समारोहपूर्वक दी विदाई



**खरगोन, निप्र।** शासकीय माध्यमिक विद्यालय मांडव खेड़ा क्रमांक 1 में कक्षा आठवीं में दर्ज 9 छात्र.छात्राओं को शाला प्रबंधन समिति ने समारोहपूर्वक विदाई दी। प्रधान पाठक रफीक बेग मिर्जा ने बताया कि कक्षा आठवीं के विद्यार्थी परीक्षा बाद अगली कक्षा में जाने से विद्यालय से दाखिला ले लेंगे। परीक्षाओं से पहले इन विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित कर विदाई दी। कक्षा आठवीं के प्रत्येक छात्र.छात्रा को पेन और ड्राइंग बॉक्स के साथ 50-50 रुपए राशि भेंट की गई। परीक्षा की तैयारी करने के साथ ही परीक्षा में सोच समझ कर लिखने की सलाह दी गई। विषय और पेपर को देखकर ना घबराने की हिदायत दी गई। इस अवसर पर रवि राठौर, दिलीप चौहान, जमुना बरडे, सिकराम चौहान, रमेश एसके, मुन सिंग जाधव, शुगरबाई, शांताबाई, सुशीला बाई उपस्थित रहे।

# भगवान महादेव की शिवरात्रि को भव्य स्वरूप में मनाया

**बिस्टान, निप्र।** नगर के डेरेश्वर में विराजित भगवान महादेव की शिवरात्रि को भव्य स्वरूप में मनाया गया। यहां रुंजन बाबा मंदिर जाधव मोहल्ला से शंभू शासन ग्रुफ द्वारा भोलेनाथ महादेव की झांकी निकाली गई। देर श्याम निकली भगवान भोलेनाथ की बारात नगर के मुख्य मार्ग गणेश चौक ,स्कूल चोक,बस स्टैंड, चक्की चौक , होते हुए डेरेश्वर मंदिर पहुंची भक्ति और आस्था के रंग में सराबोर नजर आए श्रद्धालुगण। ढोल ,ताशे ,डमरू के बीच हर हर महादेव भोले शंभू भोलेनाथ के गगन भेदी जयकारों से माहौल धर्ममय बना रहा। आयोजन समिति ने बताया महाशिवरात्री पर्व उत्सवी माहौल में मनाया गया। यहां विराजित भोलेनाथ महादेव को दूल्हा स्वरूप में सजाया गया। आतिशबाजी ,आरती कर महाप्रसादी भक्तों में वितरित की गई। रात्रि जागरण के चलते भजन कीर्तन का दौर देर रात तक चलता रहा।



# तिरछे पैर की एक दिवसीय कार्यशाला सह शिविर का आयोजन

**खरगोन, निप्र।** आरबीएसके कार्यक्रम अंतर्गत एसआरएफ फाउंडेशन के सहयोग से अनुष्का फाउंडेशन मुंबई द्वारा जिला चिकित्सालय खरगोन के जिला शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र में क्लब फुट उपचार प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। यह शिविर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दौलत सिंह चौहान एवं सिविल सर्जन डॉ. राजकुमारी देवड़ा के मार्गदर्शन में किया गया। एक दिवसीय क्लब फुट उपचार के लिए सपोर्टिव सुपरविजन ट्रेनिंग के अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. देवड़ा ने बताया कि प्रत्येक मंगलवार को जिला चिकित्सालय के ट्रॉमा सेंटर में क्लब फुट क्लीनिक का संचालन किया जाता है, जिसमें क्लब फुट से ग्रस्त बच्चों का निःशुल्क उपचार प्रदान किया जाता है। डीईआईसी मैनेजर श्री विनोद



पंवार ने बताया कि आरबीएसके टीम द्वारा चिन्हित क्लब फुट जैसी जन्मजात विकृति से ग्रस्त बच्चों के लिए कैंप आयोजित किए जाते हैं। साथ ही डिलीवरी पॉइंट से जो बच्चे क्लब फुट से चिन्हित किए जाते हैं, उन्हें प्रति मंगलवार को इलाज के लिए जिला अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में बुलाकर निःशुल्क इलाज किया जाता है। इस एक दिवसीय सपोर्टिव सुपरविजन कार्यक्रम में देवास जिला अस्पताल से आए अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. जगदीश नागर ने टेनोटॉमी विधि की विस्तृत जानकारी प्रदान की। जिला चिकित्सालय के अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. अशोक वास्के, डॉ. राजेंद्र मंडलोई, डॉ. आदित्य जाधव, फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. शुभम महाजन तथा श्री दुर्बलसिंह रंधावा ने बच्चों की जांच की और उनका उपचार कास्टिंग एवं टेनोटॉमी किया गया। साथ ही अनुष्का फाउंडेशन द्वारा बच्चों को विशेष जूते वितरित किए गए। श्री मनोज यादव, प्रोग्राम एग्जीक्यूटिव अनुष्का फाउंडेशन एवं श्री मनीष पटेल, ब्रांच मैनेजर देवास ने बताया कि खरगोन जिले में कुल 180 बच्चे तिरछे पैर (क्लब फुट) से पंजीकृत हैं, जिनमें से 173 का उपचार चल रहा है। आज के शिविर में कुल 25 बच्चों को बुलाया गया था, जिसमें से 10 बच्चों की कास्टिंग, 03 बच्चों की टेनोटॉमी की गई तथा 04 बच्चों को विशेष प्रकार के जूते प्रदान किए गए।

# शिवरात्रि के उपलक्ष्य में दो दिवसीय अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया



**बीस्टान, निप्र।** श्री पूर्णानंद सुंदरकांड मंडली बीस्टान के द्वारा महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में दो दिवसीय अखंड रामायण पाठ का आयोजन श्री पूर्णानंद बाबा मंदिर में किया गया, सभी सदस्यों के द्वारा दिन और रात अखंड रामायण पाठ किया गया, सदस्य नीरज पंडित के द्वारा बताया गया कि प्रत्येक वर्षानुसार इस वर्ष भी रामायण अखंड पाठ का आयोजन किया गया है हमें रामायण पाठ कि प्रेरणा पुरुषोत्तम काका पटेल के द्वारा मिली है, इसके साथ सभी सदस्य शिवशंकर पाटिल, नारायण राठौड़, लक्ष्मीनारायण पंडित, गणेश पाटिल, जितेंद्र पाटिल, महेश ईमानिया, राजेश पगारे, सचिन सोनी, यशवंत गुप्ता, वैभव पटेल, मुकेश वाचकरिया, रितेश पटेल, पगारे जी और भी सदस्य उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

**एक नजर में** — जिले में कुष्ठ रोगी खोज अभियान अंतर्गत बैठक आयोजित

# कुष्ठ लाइलाज बीमारी नहीं है जागरूकता जरूरी : प्रीति जैन

नवभारत न्यूज

**खरगोन, निप्र।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के तत्वाधान में प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला स्वास्थ्य विभाग खरगोन के समन्वय से कुष्ठ रोगी खोज अभियान जिले में 11 फरवरी से चल रहा है जो 05 मार्च तक जारी रहेगा। इस अभियान में पैरालीगल वालेंटियर्स की भागीदारी सुनिश्चित कर उन्हें कुष्ठ रोगियों की पहचान कर चिन्हित करने और जनजागरण के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव वरिष्ठ खंड न्यायाधीश सुश्री प्रीति जैन की अध्यक्षता एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री चन्द्रेश मंडलोई के समन्वय से एक प्रशिक्षण कार्यक्रम सह बैठक एडीआर सेंटर मंडलेश्वर में ऑनलाइन / ऑफलाइन आयोजित की गई। इसमें कसरावद, महेश्वर एवं मंडलेश्वर के पैरालीगल वालेंटियर उपस्थित हुए। खरगोन, बड़वाह, सनावद और भीकनगांव के पीएलवी वर्चुअल रूप से जुड़े। इस अवसर पर सचिव न्यायाधीश सुश्री प्रीति जैन ने कहा कि कुष्ठ



लाइलाज बीमारी नहीं है। इसके बारे में जो भ्रांतियां हैं, उसके बारे में जागरूकता जरूरी है। जिला विधिक सेवा किसी भी आपदा के समय सरकार और किसी भी विभाग के साथ समन्वय कर समाज सेवा करता है। हमारे पीएलवी स्वास्थ्य विभाग के कुष्ठ रोगी खोज अभियान में अपनी सहयोगी भूमिका निभाकर अभियान को सफल बनाएंगे। जिला कुष्ठ रोग अधिकारी डॉ. चंद्रजीत सांवले ने कहा कि कुष्ठ रोग गंभीर संक्रामक रोग नहीं है। इसके रोगी के साथ रहने, उसको छूने से यह रोग नहीं फैलता है। आज कुष्ठ रोग का शत-प्रतिशत इलाज उपलब्ध है। कुष्ठ रोग के बारे में मिथक ज्यादा हैं, इसी कारण ज्यादा भ्रांतियां फैलती हैं। इसकी जल्दी से पहचान कर इलाज शुरू करने से यह जल्दी ठीक हो जाता है। दुनिया में जितने कुष्ठ रोगी हैं, उनमें से 50 प्रतिशत भारत के हैं। भारत के 121 जिले इससे अधिक प्रभावित हैं जहां सामान्य से अधिक रोगी हैं। मध्य प्रदेश के 09 जिलों में भी सामान्य से अधिक रोगी हैं, जिनमें खरगोन जिला भी शामिल है। जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री मंडलोई ने कहा कि कुष्ठ रोग के बारे में जागरूकता जरूरी है। समाज में ऐसे लोग हैं जो कुष्ठ को लाइलाज समझकर इसे बताते नहीं है। उन्हें सामाजिक बहिष्कार का भय भी होता है। शासन, प्रशासन और एनजीओ का यह प्रयास होता है कि उनकी पहचान कर इलाज किया जाए।